भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 972
24 जुलाई, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की प्रगति

†972. श्री संजय दिना पाटील:
प्रो. वर्षा एकनाथ गायकवाड़:
श्री भास्कर मुरलीधर भगरे:
श्रीमती सुप्रिया सुले:
श्री धैर्यशील राजसिंह मोहिते पाटील:
डॉ. अमोल रामसिंग कोल्हे:

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) की शुरुआत से लेकर अब तक इसके तहत हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले पांच वर्षों के दौरान उक्त राज्य में पीएमएसएमए के तहत निःशुल्क प्रसव पूर्व देखभाल सेवाओं का लाभ उठाने वाली गर्भवती महिलाओं की जिला-वार संख्या कितनी है;

(ग) उक्त राज्य में विस्तारित पीएमएसएमए (ई-पीएमएसएमए) रणनीति के तहत पहचान की गई, ट्रैक की गई और निगरानी की गई उच्च जोखिम वाली गर्भधारित महिलाओं की संख्या कितनी है;

(घ) उक्त राज्य में इस योजना के तहत प्रसव पूर्व देखभाल सेवाएं प्रदान करने में निजी अस्पतालों और विशेषज्ञ डॉक्टरों की भागीदारी का ब्यौरा क्या है;

(ङ) उक्त राज्य में मातृ स्वास्थ्य सेवा सुपुर्दगी में आशा कार्यकर्ताओं, एएनएम और अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कर्मियों की भूमिका को मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा क्या उपाय किए गए हैं; और

(च) क्या सरकार ने उक्त राज्य में संस्थागत प्रसव, मातृ स्वास्थ्य संकेतक और गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व देखभाल सेवाओं तक पहुंच के संबंध में पीएमएसएमए के प्रभाव का आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री
(श्री जगत प्रकाश नड्डा)

(क) से (ग): प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) के शुभारंभ के बाद से इसके तहत महाराष्ट्र में हुई प्रगति अनुलग्नक-I में है।

पिछले पाँच वर्षों के दौरान महाराष्ट्र में जिले-वार, पीएमएसएमए के तहत निःशुल्क प्रसव-पूर्व परिचर्या सेवाओं का लाभ उठाने वाली गर्भवती महिलाओं की संख्या अनुलग्नक-II में है।

विस्तारित पीएमएसएमए (ई-पीएमएसएमए) कार्यनीति के शुभारंभ के बाद से महाराष्ट्र में इसके तहत पहचानी गई, ट्रैक की गई और निगरानी की गई उच्च-जोखिम वाली गर्भावस्थाओं की संख्या अनुलग्नक-III में है।

(घ): प्रधान मंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) की शुरुआत से, महाराष्ट्र में गर्भवती महिलाओं को स्वैच्छिक प्रसव-पूर्व परिचर्या सेवाएं प्रदान करने के लिए इसके तहत कुल 1230 निजी डॉक्टरों का पंजीकरण किया गया है। (स्रोत: पीएमएसएमए पोर्टल)

(ङ): राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत, भारत सरकार महाराष्ट्र सहित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को आशाकर्मियों, सहायक नर्स मिडवाइफ (एएनएम) और अन्य अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कर्मियों की भूमिका और क्षमता को सुदृढ़ करने में विभिन्न पहलों के माध्यम से सहायता प्रदान करती है, जिनमें शामिल हैं:

- क्षमता निर्माण के माध्यम से दक्षता सुदृढ़ीकरण: प्रसव-पूर्व परिचर्या (एएनसी), प्रसवोत्तर परिचर्या (पीएनसी), उच्च-जोखिम वाली गर्भावस्थाओं की पहचान और प्रबंधन, जन्म प्रसव की तैयारी, मातृत्व खतरों के संकेत, पोषण परामर्श, स्तनपान, परिवार नियोजन और विभिन्न मॉड्यूल के माध्यम से समय पर रेफरल विषयों पर आशाकर्मियों, एएनएम और अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य परिचर्या कार्यकर्ताओं को नियमित प्रशिक्षण और पुनश्चर्या दी जाती है।
- उच्च-जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं का पता लगाने के लिए केस-आधारित आशा प्रोत्साहन, साथ ही लाभार्थियों के लिए परिवहन प्रोत्साहन, ताकि निर्धारित फॉलो-अप एएनसी दौरों में उपस्थिति सुनिश्चित हो सके।
- समुदाय स्तर पर पीएमएसएमए सेवाओं को बढ़ावा देने और गर्भवती महिलाओं की समय पर समीक्षा और फॉलो-अप को सक्षम करने के लिए सहायक नर्स मिडवाइफ (एएनएम), मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता (आशा) और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) सहित अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी।

(च): महाराष्ट्र में मातृ स्वास्थ्य संकेतकों के तहत हुए सुधार इस प्रकार हैं:

- नमूना पंजीकरण प्रणाली (एसआरएस) के अनुसार, महाराष्ट्र का मातृ मृत्यु अनुपात एसआरएस (2014-16) में प्रति एक लाख जीवित जन्म पर 61 से घटकर एसआरएस (2022-24) में प्रति एक लाख जीवित जन्म पर 37 हो गया है, जो 24 अंकों की कमी है।
- पहली तिमाही में प्रसव-पूर्व पंजीकरण एनएफएचएस-4 (2015-16) के 67.6% से बढ़कर एनएफएचएस-6 (2023-24) में 85.4% हो गया है।
- चार या अधिक प्रसव-पूर्व परिचर्या दौरे करने वाली माताओं का प्रतिशत एनएफएचएस-4 (2015 -16) के 72.2% से बढ़कर एनएफएचएस-6 (2023-24) में 77.5% हो गया है।
- संस्थागत प्रसव एनएफएचएस-4 (2015-16) के 90.3% से बढ़कर एनएफएचएस-6 (2023-24) में 96.4% हो गया है।

दिनांक 24.07.2026 को लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 972 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

अनुलग्नक-I

महाराष्ट्र में प्रसूतिपूर्व परिचर्या प्राप्त करने वाली गर्भवती महिलाओं और चिन्हित उच्च-जोखिम वाली गर्भावस्थाओं की कुल संख्या

पीएमएसएमए के तहत प्रसव-पूर्व देखभाल प्राप्त करने वाली गर्भवती महिला	**चिन्हित उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था**
42,86,470	5,14,220

(स्रोत: *पीएमएसएमए पोर्टल)*

दिनांक 24.07.2026 को लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 972 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

अनुलग्नक-II

पिछले पाँच वर्षों में पीएमएसएमए के तहत प्रसवपूर्व देखभाल प्राप्त करने वाली गर्भवती महिलाओं की जिला-वार कुल संख्या (स्रोत: पीएमएसएमए पोर्टल)

क्र.सं.	राज्य	वित्त वर्ष 2021-22	वित्त वर्ष 2022-23	वित्त वर्ष 2023-24	वित्त वर्ष 2024-25	वित्त वर्ष 2025-26
1	अहमदनगर	2,182	5,126	7,135	8,955	10,724
2	अकोला	0	2,484	2,843	4,030	3,009
3	अमरावती	3,059	4,151	6,142	7,136	6,949
4	औरंगाबाद	4,996	9,624	3,750	5,032	6,943
5	बीड	18,156	18,592	17,827	30,539	35,171
6	भंडारा	1,577	3,674	892	682	2,773
7	बुलढाणा	923	5,320	6,981	6,656	7,202
8	चंद्रपुर	3,268	3,812	3,369	2,794	4,186
9	धुले	145	36,871	43,911	34,871	33,429
10	गडचिरोली	8	1,240	1,105	694	1,137
11	गोंदिया	493	6,443	3,067	3,049	14,889
12	हिंगोली	5,686	6,799	5,846	7,359	8,434
13	जलगांव	546	2,899	4,097	5,534	31,521
14	जालना	1,066	1,250	1,209	1,176	3,135
15	कोल्हापुर	4,515	11,046	9,807	8,401	17,743
16	लातूर	2,212	25,525	26,547	17,607	18,347
17	मुंबई	126	1,426	1,527	1,023	1,535
18	मुंबई (उपनगर)	1,843	4,697	2,974	1,234	2,070
19	नागपुर	0	78	1,849	4,389	4,899
20	नांदेड़	213	17,733	13,724	18,923	19,775
21	नंदुरबार	118	225	632	500	37
22	नाशिक	2,149	8,160	3,172	1,649	5,175
23	उस्मानाबाद	6,738	25,881	24,986	36,288	39,484
24	पालघर	87	12,360	13,973	20,857	30,625
25	परभनी	0	0	0	0	530
26	पुणे	28	12,028	13,899	3,876	8,135
27	रायगढ़	103	4,420	4,750	1,640	2,001
28	रत्नागिरी	831	1,400	835	786	12,569
29	सांगली	384	3,705	5,372	7,709	20,043
30	सतारा	5,712	32,704	19,072	28,015	31,334
31	सिंधुदुर्ग	1,542	4,752	4,130	4,026	3,699
32	सोलापुर	0	122	5,394	2,582	4,592
33	ठाणे	556	6,141	9,065	8,680	9,634
34	वर्धा	1,836	3,357	1,894	1,411	3,354
35	वाशिम	3,070	5,907	7,782	12,256	9,277
36	यवतमाल	265	2,105	1,271	1,023	936

दिनांक 24.07.2026 को लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 972 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

अनुलग्नक-III

महाराष्ट्र में विस्तारित पीएमएसएमए (ई-पीएमएसएमए) रणनीति के तहत पहचानी गई, ट्रैक की गई और निगरानी की गई उच्च-जोखिम वाली गर्भावस्थाओं की संख्या

ई-पीएमएसएमए के तहत पहचानी गई उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था	41,000

(स्रोत: पीएमएसएमए पोर्टल)

******